ग्रामाभ्युदयादेव देशाभ्युदयः

गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

कृषि मौसम विज्ञान विभाग, कृषि महाविद्यालय

पन्तनगर–263145 उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)

फोन नम्बरः 05944–233032

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा बुलेटिन, जनपद – उधम सिंह नगर

उपमहानिदेशक (कृषि मौसम विज्ञान), भारत मौसम विज्ञान विभाग, पुणे **निदेशक, मौसम केन्द्र, देहरादून**

वर्षः 27	**अंकः 40**	**बुलेटिन अवधिः 19 – 23 मई, 2018**	**दिनः शुक्रवार**	**दिनाँकः 18 मई, 2018**

मौसम पूर्वानुमानः

भारत सरकार के **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय** द्वारा वित्त पोषित एवं **भारत मौसम विज्ञान विभाग** द्वारा संचालित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा परियोजना के अन्तर्गत **राष्ट्रीय मौसम पूर्वानुमान केन्द्र, भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम भवन, नई दिल्ली** द्वारा पूर्वानुमानित तथा **मौसम केन्द्र, देहरादून** द्वारा संसोधित पूर्वानुमानित मध्यम अवधि मौसम आँकड़ों के आधार पर कृषि मौसम विज्ञान विभाग में स्थित कृषि मौसम विज्ञान प्रक्षेत्र इकाई (AMFU), गो0 ब0 पन्त कृषि एवं प्रौद्यो0 विश्वविद्यालय, पन्तनगर द्वारा **उधम सिंह नगर एवं नैनीताल जिलों के मैदानी क्षेत्रों में अगले पाँच दिनों** में निम्न मौसम रहने की संभावना व्यक्त की जाती है :–

पूर्वानुमानित मौसम तत्व	**मौसम पूर्वानुमान – उधम सिंह नगर**				
	19–05–2018	**20–05–2018**	**21–05–2018**	**22–05–2018**	**23–05–2018**
वर्षा (मिमी0)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (डिग्री से.ग्रे.)	36	36	37	38	39
न्यूनतम तापमान (डिग्री से.ग्रे.)	24	24	25	25	26
बादल आच्छादन	मध्यम बादल	आंशिक बादल	आंशिक बादल	साफ	साफ
अधिकतम सापेक्षित आर्द्रता (प्रतिशत)	80	80	75	70	70
न्यूनतम सापेक्षित आर्द्रता (प्रतिशत)	40	40	35	35	30
वायु की औसत गति (कि0मी0 प्रतिघंटा)	006	004	006	006	006
वायु की दिशा	दक्षिण–पूर्व	पूर्व–उत्तर–पूर्व	उत्तर–पूर्व	उत्तर–उत्तर–पक्ष्चिम	उत्तर–पक्ष्चिम

गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय, पन्तनगर स्थित कृषि मौसम विज्ञान वेधषाला (समुद्रतल से ऊँचाई–243.8 मीटर) के प्रेक्षणानुसार विगत सात दिनों (11 **से** 17 मई 2018 सुबह 8:30 तक) में आसमान में आंशिक से मध्यम बादल छाये रहे तथा 5.8 मि0मी0 वर्षा हुई, अधिकतम तापमान 32.5 से 39.1 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 18. 9 से 27.3 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 62 से 82 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 25 से 57 प्रतिशत एवं हवा 5.6 से 11.6 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व–दक्षिण–पूर्व दिशा से चली।

ऐसे अनुमानित मौसम में गो0ब0 पन्त कृषि एवं प्रौद्यो0 विश्वविद्यालय, पन्तनगर के वैज्ञानिकों द्वारा इस क्षेत्र के कृषक भाइयों को सलाह दी जाती है कि इस मौसम में विभिन्न फसलों के लिए खेतों में निम्नानुसार कार्यक्रम अपनायें।

कृषि मौसम परामर्श

फसल प्रबन्धः

- ❖ गन्ना मे 7–10 दिन के अंतराल पर सिंचाई करें। माह के अंत तक दिये जाने वाले नाइट्रोजन का प्रयोग करे। प्रत्येक सिंचाई के बाद ओढ आने पर गुड़ाई करना लाभदायक होता है। अगर बेल वाली घास का प्रकोप हो रहा हो तो 2,4–डी का छिड़काव 1.00 किलोग्राम सक्रिय तत्व/है की दर से भूमि पर करे।
- ❖ उर्द, मूंग और लोबिया की फसल मे आवश्यकतानुसार सिंचाई करें। फलियो की तुड़ाई के बाद फसल को खेत में पलट दें ताकि ये खेत मे हरी खाद का काम करें।
- ❖ सूरजमुखी की फसल मे आवश्यकतानुसार हल्की–हल्की सिंचाई करे ताकि पौधे गिरे नहीं। तोतो से फलो का बचाव करे। बिहार बालदार सूड़ी से सुरक्षा हेतु क्वीनालफास 25 ई सी की 1 लीटर दवा का छिड़काव करें। जैसिड की रोकथाम हेतु मिथाईल–ओ–डिमेटान 25 ई सी की 1.0 लीटर दवा को 600–800 लीटर पानी मे मिला कर छिड़काव करे।
- ❖ गेहूँ मे अनावृत कण्डुआ से आगामी फसल मे नुकसान न हो, इसके लिए गेहूँ के बीज को सौर ऊर्जा से उपचारित बीज भण्डारण से पूर्व करे। बीज मे नमी की मात्रा 12 प्रतिशत से कम होनी चाहिए। भण्डार गृह को साफ करके फर्श एवं दीवारो पर मैलाथियान 50 ई0 सी0 के 3 लीटर प्रति 100 वर्ग मीटर की दर से छिड़काव करे।
- ❖ मई माह मे खेत की मेड़ बन्दी कर जुताई कर के छोड़ दे। ग्रीष्मकालीन जुताई से खेत के कीटो एवं बीमारियो के लारवा एवं खरपतवार आदि के बीज नष्ट हो जाते है मेड़ बन्दी से वर्षा जल खेत में ही रहेगा तथा जल बहाव के साथ मिट्टी बहकर बाहर नही जाएगी।
- ❖ लोबिया व फ्रासबीन मे जड़ एवं तना गलन रोग की रोकथाम हेतु कार्बन्डाजिम 1 ग्राम/ली0 पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करे।

उद्यान प्रबन्धः

- ❖ आम मे बैक्टीरियल कैंकर की संम्भावना होने पर 200 पी पी एम स्ट्रैप्टोसाइकलिन (200 मिलीग्राम/लीटर) का छिड़काव करें।
- ❖ आम के बाग में डांसी मक्खी के लिए काष्ठ निर्मित यौन गंध ट्रैप को पेड़ पर लगाना चाहिए (10 ट्रैप/है0)। यौन गंध ट्रैप को दो माह में बदल देना चाहिए।
- ❖ कोयलिया और आन्तरिक विगलन के नियंत्रण के लिए 1.0 प्रतिशत (10 ग्रा0/ली0) बोरेक्स का छिड़काव करना चाहिए।
- ❖ आवश्यकतानुसार उचित नमी बनाये रखने हेतु सिंचाई करते रहे।
- ❖ आम की फसल में चूर्णि फॅफूदी की नियत्रंण हेतु कार्बनडाजिम का 0.1 प्रतिशत का घोल का छिड़काव करें।
- ❖ कद्दू वर्गीय सब्जियो मे पत्तियो पर अनियमित आकार के चित्तकबरे धब्बे दिखाई देने पर मैनकोजेब 2.5 ग्रा0 प्रति ली0 पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करे।
- ❖ प्याज मे पत्ती झुलसा रोग के नियंत्रण हेतु टेबुकोनाजोल या डिफिनोकोनाजोल या प्रोपीकोनाजोल का 500 मिली0 प्रति है0 की दर से किसी सर्वांगी कीटनाशी का स्टीकर के साथ मिलाकर छिड़काव करे।
- ❖ टमाटर व मिर्च की फसल मे सिकुड़े हुए चित्तकबरे पत्ते दिखाई देने पर ग्रसित पौधो को निकालकर नष्ट करे। तथा रस चूसने वाले कीड़ो के नियत्रंण हेतु सर्वागीं कीटनाशी का छिड़काव करें। पछेती झुलसा रोग के प्रकोप से बचाव हेतु मैनकोजेब 2.5 ग्रा0/ली0 या कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 3.0 ग्रा0 प्रति ली0 पानी की दर से घोल बनाकर छिडकाव करे।

पशुपालन प्रबन्धः

- ❖ पशुओ को आहार मौसम के अनुसार ही दे, इस समय पशुओ के आहार मे गेंहू का चोकर व ज्वार की मात्रा मे वृद्धि कर दे।
- ❖ गर्मी के मौसम में पशुशाला के आसपास की नालियो में मेलाथियॉन अथवा अन्य कीटनाशक दवाइयो का छिड़काव समय समय पर कराते रहे।
- ❖ विदेशी गायें अधिक गर्मी सहन नही कर पाती जिससे उनके आहार ग्रहण करने की क्षमता में कमी आ जाती है। और उनका उत्पादन प्रभावित होता है। अतः विदेशी गायो का उत्पादन बनाये रखने तथा बीमारियो से बचाव हेतु

गौशाला के अन्दर तापमान नियंत्रण हेतू शीतल यंत्र जैसे पंखा, कूलर अथवा आधुनिकतम शीतल यंत्र की व्यवस्था करे।

- ❖ अगर पशु लू के प्रकोप का शिकार हो जाए तो पास के पशु चिकित्सक से मिलकर उसका तुरन्त उपचार करायें।
- ❖ पशुओं को स्वच्छ, ताजा एवं ठंडा जल दिन में तीन बार (सुबह, दोपहर, शाम) पिलाना चाहिए। यदि पशु के शरीर में पर्याप्त मात्रा में पानी मौजूद हो तो उसकी चमड़ी के तापमान एवं मौसम के तापमान में सामंजस्य बना रहता है एवं पशु को लू भी नहीं लगती।
- ❖ गर्मी से बचाने हेतु पशुओं को संतुलित आहार जिसमें सभी पोषक तत्व प्रोटीन, वसा, कार्बोहाइड्रेट, खनिज लवण तथा विटामिन्स उचित मात्रा एवं उचित अनुपात में उपस्थित हों, देवें। सूखे चारे के साथ हरा चारा एवं दाना अवश्य दें।
- ❖ भैंसों को पशुशाला में सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक रखना चाहिए, जिससे उन्हें तेज धूप से बचाया जा सके।



डा0 आर0 के0 सिंह
प्राध्यापक एवं प्रिंसिपल नोडल अधिकारी
ग्रामीण कृषि मौसम सेवा,
गो.ब. पन्त कृषि एवं प्रौद्यो. विष्वविद्यालय, पन्तनगर